# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली

## विज्ञापन सं.1आईसीएमआर/एससी-ई/02/2025-भर्ती एवं पदोन्नति कक्ष

### वैज्ञानिक-ई के पदों के लिए भर्ती सूचना

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख: 10.11.2025**

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। आईसीएमआर अपने नई दिल्ली स्थित मुख्यालय और देश भर में स्थित अपने 27 संस्थानों/केंद्रों तथा व्यापक संख्या में अपने फील्ड स्टेशनों के माध्यम से राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों में जैव चिकित्सा/स्वास्थ्य अनुसंधान से संबंधित कार्य करता है।

परिषद भारतीय नागरिकों से **अखिल भारतीय स्थानांतरण दायित्व के साथ** परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में प्रारंभिक 3 वर्ष के लिए सीधी भर्ती के तहत नियमित आधार पर नियुक्ति के लिए वेतन मैट्रिक्स के वेतन **स्तर-13 (1,23,100 – 2,15,900 रुपये) (7वां सीपीसी स्तर)** और परिषद के कर्मचारियों के लिए यथाग्राह्य सामान्य भत्तों सहित वैज्ञानिक-ई के एक (01) पद को भरने के लिए **10 नवंबर, 2025 सांय 5:30** तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

| स्ट्रीम का विवरण (रिक्तियों की संख्या) | अनिवार्य अर्हकता | अपेक्षित अनुभव | वांछनीय अर्हकता |
|---|---|---|---|
| वैज्ञानिक-ई (नॉन-मेडिकल) (01 रिक्ति) | अनुलग्नक-। में दिए गए विषयों में से किसी भी विषय में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पीएचडी के साथ स्नातकोत्तर (विषय/विषयों का उल्लेख करें) | 10 वर्ष (2 वर्ष के प्रबंधकीय अनुभव सहित) | मातृ, शिशु स्वास्थ्य और पोषण में अनुभव |

***नोट:**

1. पीएचडी को 4 वर्ष के अनुभव के समान मानने पर विचार किया जाएगा (डिग्री पूरी करने में लगने वाली अवधि पर ध्यान दिए बिना)।
2. एमडी/एमएस और समकक्ष डिग्री को 3 वर्ष के अनुभव के रूप में माना जाएगा।
3. एमवीएससी को 2 वर्ष के अनुभव के समान मानने पर विचार किया जाएगा।
4. एमपीएच/एम.टेक/एमई को अनुभव के रूप में माना नहीं जाएगा। सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी संस्थानों में अपेक्षित कार्यों से संबंधित (अपेक्षाएँ लिखें) जैव चिकित्सा विज्ञान से संबंधित अनुसंधान एवं विकास में अनुभव स्वीकार्य होगा।

**2. आयु सीमा:**

अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष है (भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार छूट है)

**3. शुल्क:**

आवेदन शुल्क के रूप में अप्रतिदेय **(नॉन-रिफ़ंडेबल)** 1500/- रुपये (केवल एक हजार पांच सौ रुपये) अपेक्षित है। एससी/एसटी/महिला/पीडब्ल्यूडी/ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क में छूट है। अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क का भुगतान आवेदन-पत्र में दिए गए ऑनलाइन लिंक के माध्यम से करना होगा।

**4. आवेदन कैसे करें:**

i) अभ्यर्थी को अपना आवेदन **https://recruit.icmr.org.in पर केवल ऑनलाइन माध्यम से** करना होगा।

ii) आवेदन के साथ निम्नलिखित स्व-सत्यापित दस्तावेज अपलोड किए जाने है।-

क) जन्म तिथि प्रमाण-पत्र

ख) शैक्षिक योग्यताएं

ग) अनुभव

**5. अन्य शर्तें:**

(i) आवेदन ऑनलाइन आवेदन शुल्क के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

(ii) अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों को रद्द कर दिया जाएगा, कारण चाहे जो भी हो।

(iii) यदि किसी व्यक्ति के आवेदन में किसी भी प्रकार की गलत जानकारी दी जाती है या किसी भी सूचना को छिपाया जाता है, तो भर्ती प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद, उनकी उम्मीदवारी/सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी।

(iv) अपूर्ण या सहायक दस्तावेजों के बिना प्राप्त होने वाले आवेदन रद्द कर दिए जाएंगें।

(v) **दावा किए गए शैक्षिक योग्यता/विशेषज्ञता/अनुभव से संबंधित दस्तावेज अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाने चाहिए।**

**(vi)** व्यक्तिगत चर्चा के समय, केंद्र/राज्य सरकार के विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकारी वित्तपोषित अनुसंधान एजेंसियों में काम करने वाले आवेदकों को नियोक्ता से प्राप्त एक **"अनापत्ति प्रमाण-पत्र"** प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह वचनबद्धता हो कि **"आवेदक को नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के एक महीने के भीतर कार्यमुक्त कर दिया जाएगा"।**

(vii) किसी भी अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रकार का बाहरी प्रभाव डलवाना (राजनीतिक या अन्यथा) उसे अयोग्य घोषित कर देगा।

(viii) कोई भी ऐसा मामला जिसके लिए कोई विशिष्ट अनुदेश नहीं दिए गए है, उन पर आईसीएमआर द्वारा निर्णय किया जाएगा और यह निर्णय अभ्यर्थियों पर अंतिम और बाध्यकारी होगा।

(ix) कोई भी अन्य पत्राचार केवल आईसीएमआर की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे किसी भी अपडेट के लिए आईसीएमआर की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करें। किसी अन्य प्रकार से पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(x) विज्ञापन के विरुद्ध भर्ती के संबंध में कोई भी विवाद नई दिल्ली स्थित न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र में होगा।

(xi) आईसीएमआर इस रिक्ति परिपत्र को संशोधित करने, रद्द करने या नये सिरे से प्रकाशित करने की स्वतंत्रता रखता है।

(xii) रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और इसमें परिवर्तन हो सकता है।

**6. अल्प-सूचीबद्धता-मानदंड: -**

क) सर्वप्रथम, आयु, अनिवार्य योग्यता और अनिवार्य अनुभव (जहां भी अपेक्षित हो) के संबंध में न्यूनतम पात्रता पूरी करने वाले सभी अभ्यर्थियों की अल्प-सूची (छंटनी) तैयार की जाएगी।

ख) यदि अल्प-सूचीबद्ध (छंटनी) किए गए अभ्यर्थियों की संख्या अधिक हो जाती है और उन सभी को साक्षात्कार के लिए बुलाना संभव नहीं है, तो आईसीएमआर कुछ उपयुक्त अल्प-सूची मानदंडों के आधार पर अभ्यर्थियों की ओर भी छंटनी करेगा, जैसा कि आईसीएमआर के सक्षम प्राधिकारी, द्वारा तय किया जाएं। हालांकि यह मामले दर मामले अलग-अलग हो सकते है, योग्यता के आधार

पर, आईसीएमआर सामान्यतः संबंधित क्षेत्रों में उच्च अनुभव वाले अभ्यर्थियों या उच्च शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों को बुलाना पसंद करता है, जैसा भी मामला हो, जो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा तय किया गया हो।

**नोटः** किसी भी तकनीकी सहायता के लिए कार्य दिवसों में प्रातः 9:30 बजे से सांय 5:30 बजे (IST) के बीच 011-26589167 पर कॉल करें या query.RPCell@icmr.gov.in पर ईमेल करें। भुगतान से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए कृपया e-payment@icmr.gov.in पर ईमेल करें।

सहायक महानिदेशक (प्रशा.)

**अनुलग्नक-I**

**विषयों की सूची:**

1. जैव रसायन
2. रसायन विज्ञान
3. नृविज्ञान
4. समाजशास्त्र
5. सामाजिक कार्य
6. खाद्य एवं पोषण
7. स्वास्थ्य अर्थशास्त्र में विशेषज्ञता के साथ अर्थशास्त्र
8. मनोविज्ञान
9. जीव विज्ञान/जैव विज्ञान
10. कीट विज्ञान/चिकित्सा कीट विज्ञान
11. आनुवंशिकी/चिकित्सा आनुवंशिकी
12. प्रतिरक्षा विज्ञान
13. सूक्ष्म जीव विज्ञान
14. आणविक जीव विज्ञान
15. औषध विज्ञान
16. फार्मेसी
17. विष विज्ञान
18. विषाणु विज्ञान
19. प्राणि विज्ञान
20. जैव प्रौद्योगिकी
21. वनस्पति विज्ञान
22. जैव सूचना विज्ञान
23. जैव सांख्यिकी/सांख्यिकी
24. जन स्वास्थ्य
25. कोई भी नैदानिक विषय (आंतरिक चिकित्सा, सामुदायिक चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग, बाल रोग, हड्डी रोग, त्वचा विज्ञान, मनोचिकित्सा, एनेस्थिसियोलॉजी आदि)
26. चिकित्सा/ जैव-चिकित्सा विज्ञान में कोई अन्य प्रासंगिक विषय।

सहायक महानिदेशक (प्रशा.)

******